अनुक्रमणिका

अपनी दृष्टि के सामने रखते हुए, आन्तरिक प्रेरणा से जो नाद सुनाई दिया, उसी से प्रेरित होकर संगीत शिक्षा के क्षेत्र में इस नूतन मार्ग का आविष्कार जनता के सामने रख देना मैं अपना कर्तव्य समझता हूँ।

इस पुस्तक में सप्त स्वरों का शुद्ध उच्चार साध्य कराने की विधि के बाद सबसे पहले पाँच स्वरों का औडव राग भूपाली विद्यार्थियों को सिखाने के लिए रखा गया है। जिन्हें ईश्वरीय देन है ऐसे विद्यार्थी तो किसी भी राग के स्वरों को गले में बैठा लेते हैं। लेकिन जिन्हें स्वरों का किंचित् भी ज्ञान नहीं है, ऐसे विद्यार्थी भूपाली से आरम्भ करके सुविधा से आगे बढ़ सकते हैं। भूपाली में 'सा रि ग प ध सां', 'सां ध प ग रि सा' इन पाँच स्वरों का उपयोग, उनका आरोह-अवरोह, सरल और वक्र अलंकार गले में बैठ जाने के बाद ऐसा ही पाँच स्वरों का दूसरा राग "हंसध्वनि", जो कर्णाटक प्रदेश में बहुत गाया जाता है, उसे रखा गया है। भूपाली में मध्यम और निषाद छोड़ दिए जाते हैं और हंसध्वनि में मध्यम और धैवत छोड़कर 'ग प', 'पनि', 'धसां' इन स्वर-जोड़ियों का अन्तर विद्यार्थियों को स्पष्ट रूप से ज्ञात कराया जाता है।

इसी ढंग से 'सारि म प धसां', 'सां ध प म रि सा' यह दुर्गा 'सारि म प निसां', 'सां नि् प म रि सा' यह सारंग, 'सा ग म प निसां', 'सां नि् प म ग सा' यह विलंग एवं 'सा ग म ध नि सां', 'सां निध म ग सा' यह मिश्रषड्ज इन पाँच स्वरों के औडव रागों का ज्ञान हो जाने से विद्यार्थी सरलता से इन्हीं रागों के निकटवर्ती अन्य राग सुगमता और शीघ्रता से सीख सकते हैं। विलंग के आरोह अवरोह में क्रमशः धैवत और ऋषभ का प्रयोग करके खमाज और सारंग के अवरोह में 'ग ध' का प्रयोग करके देश राग आसानी से गले में बिठाया जा सकता है। जिन्हें स्वर या लय का तनिक भी ज्ञान नहीं है, ऐसे विद्यार्थियों की अवस्था ध्यान में रखकर ही यह योजना बनाई गई है। अनभिज्ञ विद्यार्थी भी यदि इस मार्ग से संगीत शिक्षा का लाभ उठा सके हैं और उठा रहे हैं तो जिन्हें ईश्वरीय देन है ऐसे विद्यार्थी तो शीघ्रता से अपना विकास कर ही सकेंगे यह निर्विवाद और सन्देह-रहित सत्य है।

मनुष्य-मात्र का ज्ञान परिमित होने से त्रुटियों से भरा हुआ है। मेरी यह पुस्तक भी दोषमुक्त नहीं होगी। मनुष्य अपनी त्रुटियाँ देख नहीं सकता। सम्भव है मेरी भी उन्हीं अन्यों में गिनाई हो। साथ ही अपनी कृति किसे प्रिय नहीं मालूम देती? गोस्वामी तुलसीदासजी ने क्या सच कहा है—

"निज कवित्त केहि लाग न नीका। सरस होइ अथवा अति फीका॥"

दोष धोने के लिए मेरी यह चेष्टा नहीं है, किन्तु गुणीजनों के सामने दोषनिदर्शन के लिए अनुनय है।

"जड़ चेतन गुण दोषमय, विश्व कीन्ह करतार।
संत हंस गुण गहहिं पय, परिहरि वारि विकार॥"

श्रावण शुक्ल पूर्णिमा, १९९४
ता० ११ ऑगस्ट, १९३८

भवदीय गुणानुरागी—
ओम्कारनाथ गौरीशंकर ठाकुर

द्वितीय संस्करण का निवेदन

प्रभु कृपा से संगीताञ्जलि के प्रथम भाग का यह द्वितीय संस्करण प्रकाशित हो रहा है।

प्रस्तुत पाठ्य-प्रणाली से जिन विद्यार्थियों ने शिक्षा पायी है, उनमें से कई आज काशी हिन्दू विश्व-विद्यालय स्थित श्री कला संगीत भारती में तथा भारत के अन्य संगीत विद्यालयों में सफलता से अध्यापन कार्य कर रहे हैं। इसकी सफलता का यह भी एक सबल प्रमाण है कि अन्य शिक्षा प्रणाली से शिक्षा पाये हुए अध्यापक भी इससे आकृष्ट होकर इस प्रणाली को अपना रहे हैं और अपना तथा अपने विद्यार्थियों का सुचारु विकास कर रहे हैं।

इसी सफलता से प्रेरित होकर इस प्रणाली के पाठ्यक्रम के सोपान-स्वरूप संगीताञ्जलि के पाँच भाग प्रकाशित किये जा चुके हैं। इतना ही नहीं स्नातकोत्तर कक्षा तक का पाठ्य क्रम पूर्ण करने के लिये अन्य तीन भागों के प्रकाशन की भी योजना है।

प्रस्तुत पाठ्य-क्रम में शिक्षण की प्रारम्भिक अवस्था के लिए रागों के चुनाव के पीछे विद्यार्थियों के क्रमिक विकास को सुगम और सुलभ बनाने की वैज्ञानिक दृष्टि रखी गई है, जो संक्षेप में इस प्रकार है—

शुद्ध स्वरों का बोध हो जाने के बाद सात स्वरों में से 'म – नि', 'म – ध', 'ग – नि' 'ग – ध' 'रि – ध' 'रि – प' ये स्वर-जोड़ियाँ वर्ज्य करके जो राग बनते हैं, उन्हें पाठ्यक्रम में स्थान दिया गया है ताकि विद्यार्थी यह भी समझ सकें कि एक ही स्वरावलि में से कैसे रागों का विकास होता है। इस प्रकार सर्वप्रथम शुद्ध स्वरों के औडव रागों को लिया है। इनमें भी विशेष क्रम इस दृष्टि से रखा गया है कि जिन रागों का पूर्वाङ्ग स्वर-दृष्टि से समान है, उन्हें पास-पास रखा है। राग के पूर्वाङ्ग के स्वर यदि पक्के हो जाते हैं तो उत्तराङ्ग आसान हो जाता है। इस दृष्टि से निम्नलिखित ६ रागों का क्रम रखा गया है :—

	राग नाम	स्वरावलि	वर्ज्य स्वर जोड़ी
१—	भूप	सा रि ग प ध सां	म – नि
२—	हंसध्वनि	सा रि ग प नि सां	म – ध
३—	दुर्गा	सा रि म प ध सां	ग – नि
४—	सारंग	सा रि म प नि सां	ग – ध
५—	त्रिलंग	सा ग म प नि सां	रि – ध
६—	भिन्नषड्ज	सा ग म ध नि सां	रि – प

इस प्रकार सारंग और तिलंग इन रागों द्वारा शुद्ध स्वरों के अतिरिक्त आरोह में कोमल निषाद का भी परिचय दे दिया गया है। इसके बाद इन्हीं स्वरों में औडव-सम्पूर्ण देस, षाडव-सम्पूर्ण खमाज और कोमल 'गनि' युक्त सम्पूर्ण-सम्पूर्ण काफ़ी को रखा गया है। काफ़ी द्वारा कोमल निषाद के साथ-साथ कोमल गान्धार का भी परिचय विद्यार्थियों को मिल जाता है।

यह तो हुआ प्रथम वर्ष का पाठ्य-क्रम। द्वितीय वर्ष का पाठ्य-क्रम 'संगीताञ्जलि' के द्वितीय भाग में समाविष्ट है। शिक्षकों की रुचि को देखते हुए उसका भी अल्प परिचय यहाँ दे देना असामयिक न होगा।

भूप के अवरोह में शुद्ध निषाद और तीव्र मध्यम लगाने से भूपकल्याण की रचना होती है। अवरोह में तीव्र मध्यम लेना सरल होता है, इसलिए तीव्र मध्यम का परिचय देने के लिए भूप कल्याण को स्थान दिया गया है। 'सा – नि' और 'ध – म' का अन्तर बिलकुल एक-सा होने के कारण अवरोह में तीव्र मध्यम लेना आसान पड़ता है। इस प्रकार तीव्र मध्यम को सुगम बना लेने के बाद जैमिनि-कल्याण (यमन कल्याण) को स्थान दिया गया है, जिसमें आरोह में भी तीव्र मध्यम का प्रयोग है। इसके बाद विहाग को रखा है, जिसमें तीव्र 'म' का अल्पत्व और शुद्ध म का बाहुल्य है, जिससे शुद्ध और तीव्र मध्यम को लेने के एक विशेष ढंग का बोध हो जाए। साथ ही विहाग में 'रि – ध' के अल्पत्व द्वारा रागों में स्वरों के 'अल्पत्व' का एक उदाहरण भी विद्यार्थियों के ध्यान में आ जाता है। इन्हीं स्वरों में हमीर-राग द्वारा गान्धार के वक्र प्रयोग का परिचय दिया गया है। तदनन्तर स्थूल मान से काफ़ी के स्वरों में आरोह अवरोह का नियम बदल कर भीमपलासी और बागेश्री का शिक्षण देना सुगम होता है। बागेश्री को सामान्यतः कठिन रागों में माना जाता है, क्योंकि उस का प्रचार कम है। किन्तु भिन्नषड्ज की पूर्व पीठिका रहने से बागेश्री का बोध सरल ढंग से दिया जा सकता है। भिन्न षड्ज में शुद्ध मध्यम की जगह तीव्र मध्यम रखने से हिंडोल बन जाता है। आगामी वर्षों के पाठ्य-क्रम में आनेवाले पूरिया, मारवा, सोहनी इत्यादि रागों की पूर्व भूमिका तैयार करने के लिए हिण्डोल का परिचय दिया गया है। अन्त में कोमल 'रेध' का परिचय देने के लिए भैरवी को रखा गया है। भैरवी का अधिक प्रचार होने के कारण उसकी स्वर-रचना को साध्य करना सहज होता है। और इस प्रकार अनायास कोमल 'रेध' का परिचय विद्यार्थियों को मिल जाता है।

इसी प्रकार स्नातकोत्तर कक्षा तक यानी एम. म्यूज़ (संगीताचार्य) डिग्री तक का पाठ्य-क्रम वैज्ञानिक रीति से बनाया गया है, जिसके अनुसार काशी हिन्दू विश्वविद्यालय स्थित श्री संगीत भारती में शिक्षण-क्रम चल रहा है। इस युग में संगीत शिक्षण के प्रति जो चाव बढ़ रहा है उसे देखते हुए पूर्ण आशा और विश्वास है कि इस पाठ्य-प्रणाली का अधिकतर प्रसार होगा और अधिकाधिक व्यक्ति इसका लाभ उठायेंगे।

आजकल रागों का परिचय देने में 'वादी-संवादी' इत्यादि पारिभाषिक शब्दों का उपयोग किया जाता है। वास्तव में यह स्वर-भाषा है, राग-भाषा नहीं। इसलिए हमने प्राचीन 'ग्रह अंश न्यास' इत्यादि वाली पद्धति अपनाई है। किन्तु प्रस्तुत पुस्तक में रागों का परिचय देते समय जानबूझ कर ग्रह, अंश, न्यास आदि राग लक्षणों का भी प्रयोग नहीं किया है, क्योंकि शिक्षण की प्रारम्भिक अवस्था में इन्हें समझना विद्यार्थियों के लिए कठिन होता है। इनका परिचय द्वितीय भाग में दिया गया है।

प्रस्तुत संस्करण में शिक्षक तथा विद्यार्थियों की सुविधा के लिए प्रारम्भिक शास्त्रीय परिचय भी जोड़ दिया गया है जिसकी भाषा सरल रखी है। गीतों के ताल-बद्ध आलाप-तान जो प्रथम संस्करण के परिशिष्ट के रूप में प्रकाशित किए

गये थे, उन्हें इस संस्करण में मूल पुस्तक के साथ ही यथा-स्थान रख दिया गया है। रागों के मुक्त आलाप तानों को प्रथम संस्करण में अन्त में एक साथ दिया गया था, किन्तु इस बार उन्हें प्रत्येक राग के परिचय के साथ-साथ दे दिया है। आशा है इससे शिक्षकों और विद्यार्थियों को सौकर्य होगा।

वायलिन जैसे वाद्य पर गायकी अंग की ही प्रधानता रहती है, इसलिए उसका और उसकी वादन-शैली का प्रारम्भिक परिचय परिशिष्ट के रूप में दिया गया है। तद्वत् ताल के ज्ञान के लिए तबला और उसके वादन का प्रारम्भिक परिचय कंठ संगीत और वाद्य संगीत दोनों के विद्यार्थियों के लिए समान रूप से आवश्यक होता है, इसलिए उसे भी परिशिष्ट के रूप में दे दिया गया है। वायलिन तथा तबला के परिशिष्ट को प्रस्तुत करने का भार वहन करने के लिए श्री कला संगीत भारती के वाद्य विभाग के रीडर तथा उदय शंकर नृत्य मंडली के भूतपूर्व कम्पोज़र एवं कन्डक्टर पंडित लालमणि मिश्र संगीत प्रवीण हमारे हार्दिक धन्यवाद के पात्र हैं।

मेरे अन्य प्रकाशनों के सदृश इस द्वितीय संस्करण का सारा भार डा० प्रेमलता शर्मा एम. ए. पी एच. डी. साहित्याचार्य, संगीतालंकार, रीडर थियरी एवं रिसर्च श्री कला संगीत भारती और चि० सुभद्रा कुमारी ने उठाया है। मैं उन्हें हार्दिक कल्याण आशीष देता हूँ।

शनिवार, पौष शुक्ल दुर्गाष्टमी,
वि० सं० २०१५
१७ जनवरी, १९५९

निवेदक :—
ओमकारनाथ ठाकुर

संगीतलिपि-चिह्न परिचय

(१) वेद-परंपरानुसार तीनों स्थानों (सप्तकों) के चिह्न—

सारिगम	—	मध्य सप्तक	—	कोई चिह्न नहीं।
सा॒रि॒ग॒म॒	—	मन्द्र ,,	—	नीचे पड़ी रेखा॥
सां॑रिं॑गं॑मं॑	—	तार ,,	—	ऊपर खड़ी रेखा।

(२) विकृत स्वर (कोमल, तीव्र दोनों) रि॒ ग॒ म—इलन्त।

(३) कण या स्पर्श स्वर— ^मरि ^पम ^मप, ऊपर लिखे हुए स्वर को छू कर नीचे के स्वर का उच्चार करना होगा। ये उच्चार गुरुमुख से अवश्य सीख लेने चाहिए।

(४) मात्रा-विभाग तथा ताल-विभाग—

स्वरों के सामने पतली खड़ी लकीर, यह एक मात्रा की सीमा है। यथा—

सा | रि | ग | म | प

इस खड़ी लकीर के अन्दर एक, तीन या चार जितने भी स्वर हों उसके अनुसार प्रत्येक स्वर को १, $\frac{१}{२}$, $\frac{१}{३}$ या $\frac{१}{४}$ मात्रा समझनी चाहिए। यथा—

$\frac{1}{2}$ $\frac{1}{2}$	$\frac{1}{2}$ $\frac{1}{2}$	$\frac{1}{2}$ $\frac{1}{2}$	$\frac{1}{2}$ $\frac{1}{2}$	$\frac{1}{3}$ $\frac{1}{3}$ $\frac{1}{3}$	$\frac{1}{3}$ $\frac{1}{3}$ $\frac{1}{3}$	$\frac{1}{2}$ $\frac{1}{4}$ $\frac{1}{4}$	$\frac{1}{4}$ $\frac{1}{4}$ $\frac{1}{4}$ $\frac{1}{4}$	$\frac{1}{4}$ $\frac{1}{4}$ $\frac{1}{4}$ $\frac{1}{4}$
सारि	गम	पध	निसां	सारिग	रिगम	गमप	सारिगम	पधनिसां

एक मात्रा के अन्तर्गत अन्य हिस्से यों समझे जा सकते हैं :—

$\frac{3}{4}$ $\frac{1}{4}$	$\frac{1}{4}$ $\frac{1}{4}$ $\frac{1}{2}$	$\frac{1}{2}$ $\frac{1}{4}$ $\frac{1}{4}$	$\frac{1}{4}$ $\frac{1}{2}$ $\frac{1}{4}$	$\frac{1}{4}$ $\frac{1}{4}$ $\frac{1}{4}$ $\frac{1}{4}$	$\frac{1}{4}$ $\frac{3}{4}$
सा – – सा	सारिग –	ग – रिसा	गरि – सा	– ग रि सा	सारि – –

जैसे एक मात्रा के दो, तीन या चार समान हिस्से बनाए गए उसी प्रकार छः आठ हिस्से भी बनाए जा सकते हैं, किन्तु आरंभ में इनकी आवश्यकता नहीं होती।

खड़ी मोटी लकीर ताल का विभाग दिखाती है—

| सा | रि | ग | म |

(५) ताल-चिह्न—

× — सम

० — खाली

जिन-जिन मात्राओं पर ताली पड़ती है, उन-उन की संख्या लिखी गई है। जैसे त्रिताल में, ५, १३।

(६) जिन स्वरों के नीचे ब्रेकेट हो उन्हें शीघ्रता से मुरकी के रूप में बोलना चाहिए। यथा—धपप पधपप।

शिक्षकों को सूचना

१—स्वर-ज्ञान देते समय जहाँ तक हो सके तानपूरे की ही मदद लीजिए।

२—अनिवार्य अवस्था में यदि हारमोनियम की मदद लेनी पड़े तो मन्द्र-'सा', मन्द्र-'प' और मध्य 'सा' इन तीन स्वर स्थानों का ही उपयोग कीजिए।

३—आरम्भ में विद्यार्थी से मध्य-'सा' का दीर्घ उच्चार करवाइए और वह नाद गले में स्थिर होने दीजिए। उसके बाद मध्य पञ्चम और तार षड्ज उसी प्रकार गले से लगवाइए और वह तीनों स्थान विद्यार्थी के मन में और कान में दृढ़ होने दीजिए।

४—'सा, प, सां' इन तीन स्वरों की शुद्धि के बाद अष्टक का पूर्वांङ्ग 'सा रि ग म' इन चार स्वरों को सिखाना उचित होगा। इन स्वरों के शुद्ध उच्चार के बाद उत्तराङ्ग यानी 'प ध नि सां' बड़ी आसानी से विद्यार्थी के गले में बैठ जायगा क्योंकि 'प ध नि सां' यह 'सा रि ग म' का ही प्रतिरूप है।

५—सप्त-स्वरों की शुद्धि के बाद पुस्तक में दिए हुए तालबद्ध अलंकार सिखाने चाहिए। तालबद्ध अलंकार सिखाने से लय, ताल और उलटे-सुलटे स्वर इनका विद्यार्थी को प्रारम्भिक बोध हो जायगा।

६—अलंकारों के बाद सप्त स्वरों का आरोह-अवरोह करते समय विद्यार्थी के मुख से ही मध्यम और निषाद वर्ज्य करवाइए। यों करने से भूपाली राग का ढाँचा तैयार होगा और विद्यार्थी समझ सकेगा कि उसे किस नियम का पालन करना है।

७—भूपाली की तालबद्ध सरगम और त्रिताल के गीत सिखाने के बाद क्रमशः हंसध्वनि, दुर्गा, सारंग, तिलंग, मिश्र-पहाड़, देश, खमाज और काफ़ी इन रागों की तालबद्ध सरगम और त्रिताल के गीत सिखाइए।

८—प्रस्तुत पुस्तक में दिए गए नौ रागों के त्रिताल के गीत सिखाने के पश्चात् क्रमशः झपताल के गीतों को आरम्भ कराना उचित होगा। किन्तु इन झपताल के गीतों को शुरू करने से पहले जब जिस राग का झपताल का गीत सिखाना हो उसके मुक्त आलाप-तान जो राग परिचय के साथ ही दिए हुए हैं उन्हें कंठस्थ करा देना चाहिए। भावी विकास की यही नींव है क्योंकि इसी के सहारे राग का विस्तार करने की शक्ति बढ़ेगी।

९—नौ रागों के मुक्त आलाप-तान और झपताल के गीत याद होने के बाद चौताल के ध्रुपदों की शिक्षा देते समय त्रिताल एवं झपताल के गीतों की द्विगुण सिखाना अवश्य ही लाभदायी होगा।

१०—सिखाते समय स्वयं गाइए और विद्यार्थी से अनुकरण करवाइए। भिन्न-भिन्न नाद के उच्चार को परखवाइए। शिष्य को अपने साथ गाने से रोकिए। कंठ माधुर्य, स्वर-लीनता एवं लय की तरफ स्वयं ध्यान दीजिए और विद्यार्थी का ध्यान खींचिए। गला फाड़ना, मुँह बिगाड़ना, नाक से आवाज़ निकालना, दबे स्वर से गाना वगैरह दोषों से विद्यार्थी को बचाइए।

११—शास्त्रीय परिचय के अन्तर्गत दिए हुए प्रारम्भिक विषयों को सप्रयोग विद्यार्थियों को समझाइए।

१२—मात्रा, लय, ताल आदि की व्याख्या, तालों के ठेके वगैरह बातें भी विद्यार्थियों को सिखाना आवश्यक और लाभदायी है।

कुछ तालों के ठेके

त्रिताल

मात्रा १६ विभाग ४ — ताली १, ५, १३ खाली ६

मात्रा	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६
बोल	धा	धिं	धिं	धा	धा	धिं	धिं	धा	धा	तिं	तिं	ता	ता	धिं	धिं	धा
	×				५				०				१३			

झपताल

मात्रा १० विभाग ४ — ताली १, ३, ८ खाली ६

मात्रा	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
बोल	धी	ना	धी	धी	ना	ती	ना	धी	धी	ना
	×		३			०		८		

एकताल

मात्रा १२ विभाग ६ — ताली १, ५, ९, ११ खाली ३, ७

मात्रा	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
बोल	धीं	धीं	धा	तुफ्	तू	ना	क	त्ता	धा	तूक्	धी	ना
	×		०		५		०		९		११	

दादरा

मात्रा ६ विभाग २ — ताली १, खाली ४

मात्रा	१	२	३	४	५	६
बोल	धा	धी	ना	धा	तू	ना
	×			०		

चौताल (चारताल)

मात्रा १२ विभाग ६ — ताली १, ५, ९, ११ खाली ३, ७

मात्रा	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
बोल	धा	धा	दिं	ता	किट	धा	दिं	ता	किट	तक	गदि	गन
	×		०		५		०		९		११	

रूपक

मात्रा ७, विभाग ३ — ताली ४-६, खाली १

मात्रा	१	२	३	४	५	६	७
बोल	ती	ती	ना	धी	ना	धी	ना
	०			४		६	

सूलताल

मात्रा १० विभाग ५ — ताली १, ५, ७ खाली ३-६

मात्रा	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
बोल	धा	धा	दिं	ता	किट	धा	किट	तक	गदि	गन
	×		०		५		७		०	

धमार

मात्रा १४ विभाग ६ — ताली १, ६, ११ खाली ४, ८, १३

मात्रा	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४
बोल	त	धि	ट	धि	ट	धा	–	क	ति	ट	ति	ट	ता	–
	×			०		६		०			११		०	

नोट :—रूपक, सूलताल और धमार ये तीनों ताल द्वितीय वर्ष के पाठ्यक्रम में हैं ; यहाँ केवल परिचय की दृष्टि से उन्हें दे दिया गया है।

शास्त्रीय परिचय

संगीत

आजकल हम लोग "संगीत" को उसी अर्थ में समझने लगे हैं जिसमें अंग्रेजी का Music शब्द समझा जाता है। वह अर्थ है गान या वादन। साधारणतः लोगों में यही धारणा है कि संगीत का अर्थ है केवल गाना या बजाना। Music में नृत्य को स्थान नहीं दिया जाता। उसी प्रकार हम लोग भी 'संगीत से' गाने बजाने का ही अर्थ लेने लगे हैं। लेकिन हमारे भारतीय संगीत के पुराने शास्त्र ग्रन्थों में संगीत की जो परिभाषा दी हुई है वह ऊपर लिखे अर्थ से कुछ अधिक व्यापक है। वहाँ कहा है—

"गीतं वाद्यं तथा नृत्तं त्रयं संगीतमुच्यते"

अर्थात् गाना बजाना और नृत्त या नृत्य इन तीनों को संगीत कहा जाता है। "गीत" में 'सम्' उपसर्ग लगाने से संगीत बनता है, जिसका अर्थ है सम्यक् गीत। इस प्रकार "संगीत" में गीत वाद्य और नृत्त[1] या नृत्य तीनों का समावेश है।

"संगीत" के इन तीनों अंगों में से गीत को ही प्रमुख माना गया है। गीत की प्रधानता के लिए कहा गया है—

"नृत्यं वाद्यानुगं प्रोक्तं वाद्यं गीतानुवर्त्ति च।"

अर्थात् नृत्य वाद्य का अनुगामी होता है और वाद्य गीत का अनुवर्ती है यानी उसके पीछे-पीछे चलता है। इस कथन को नीचे लिखे ढंग से समझ सकते हैं।

नृत्य को मृदंग या तबला जैसे ताल वाद्यों और कुछ अन्य वाद्यों के सहारे की ज़रूरत रहती ही है। इसलिए यह कहा गया है कि नृत्य वाद्य का अनुगमन करता है या उसके पीछे-पीछे चलता है। वाद्य को गीत का अनुगामी या पीछे चलने वाला कहा गया है। इसे दो तरह से समझा जा सकता है। एक तो यह कि जब गाना और बजाना एक साथ होता है तब वाद्य पर गान का ही अनुसरण किया जाता है। प्राचीन काल में गाने की संगत के लिए ही वाद्यों का मुख्य उपयोग होता था। आज जब कि वाद्यों का स्वतन्त्र रूप से बजाया जाना अधिक प्रचार में आ गया है तब भी वाद्य को गीत का अनुगामी इस प्रकार समझा जा सकता है कि बजाने वाला व्यक्ति जिन स्वरों या स्वर समूहों को बजाता है, उनकी अपने भीतर ही भीतर गाने के रूप में कल्पना ज़रूर करता है और मन ही मन गुनगुनाता है। इस प्रकार वाद्य का आदर्श गला या गान ही रहता है।

---

1. नृत्त और नृत्य को संक्षेप में यों समझ लें कि नृत्त में केवल हाथ पैर की उछल कूद आदि शारीरिक चेष्टाएँ होती हैं और नृत्य में शारीरिक चेष्टाओं के होते हुए भी अभिनय की प्रधानता रहती है।

आज के प्रचार में 'संगीत' में गीत और वाद्य का ही स्थान रह गया है, नृत्य को पृथक् कर दिया गया है। यों तो गान या वादन के समय सुनने वालों का ध्यान गान या वादन की ध्वनि की ओर अधिक रहता है, किन्तु यह भी सत्य है कि गायक के चेहरे पर झलकने वाले भावों से और उसके हाथ चलाने के ढंग से राग के और गीत के भाव का दर्शन होता है। राग और गीत के भाव को अभिव्यक्त करने के लिए गायक को अभिनय का सहारा लेना पड़ता है और इस प्रकार स्वर, लय और अभिनय मिलकर ही गीत को पूर्ण बनाते हैं और वही "संगीत" कहलाता है। शायद इसीलिए अभिनय का महत्त्व स्वीकार करते हुए शास्त्रकारों ने नृत्य का संगीत में समावेश किया है। दूसरा कारण यह भी हो सकता है कि नृत्त या नृत्य वाद्य और गीत पर निर्भर है, इसीलिए उसे वाद्य और गीत के साथ-साथ रख दिया हो।

गीत की प्रमुखता को कुछ भिन्न शब्दों में फिर से समझ लें। जो विद्यार्थी कोई वाद्य थोड़ा सा भी बजाते होंगे वे इस बात को बहुत आसानी से समझ जायेंगे कि कोई भी वाद्य बजाते समय हम हमेशा मन में सोचते या गुनगुनाते रहते हैं, और मन में जो सोचते या गुनगुनाते है वही हम बजाते हैं। इस तरह गाने का ही अनुकरण बजाने में होता है, चाहे वह केवल स्वर हों या गीत के शब्द हों, या गत के वर्ण हों। नृत्य में वाद्य का सहारा तो ज़रूरी होता ही है, साथ ही गीत के अर्थ या भाव को अभिनय द्वारा स्पष्ट करने का भी ध्यान रखा जाता है। इस तरह भी नृत्य, गीत का सीधा अनुसरण करता है। साथ ही नृत्य को वाद्य का और वाद्य को गान का अनुगामी बताकर भी गान को ही प्रमुखता दी गई है।

संगीत के मुख्य तत्त्व या उपकरण

संगीत में हम मुख्य रूप से दो विशेषताएँ समझते हैं--एक तो ध्वनि की मधुरता या कर्णप्रियता और दूसरे काल की नियमित गति। ध्वनि यदि कानों को सुनने में रंजक न लगे तो उसे हम संगीत के उपयुक्त नहीं मानते।

इसी तरह यदि कोई नियमित गति न हो तो भी संगीत नहीं बन सकता। इन्हीं दोनों बातों को संगीत की भाषा में स्वर और लय कहते हैं और संगीत के यही दो मुख्य तत्त्व हैं। अब हम स्वर और लय सम्बन्धी विषयों को क्रम से अलग-अलग समझ लें।

स्वर सम्बन्धी विषय

नाद

संगीत के प्राचीन ग्रन्थों में स्वर को समझाने से पहले नाद की ही व्याख्या की गई है। आज भी हम पहले नाद को समझ कर ही स्वर की बात करते हैं क्योंकि स्वर का आधार नाद ही है और इस प्रकार वही संगीत का भी आधार है। इसलिए पहले नाद को अच्छी तरह समझ लेना ज़रूरी है।

"नाद" शब्द का दो रूपों में प्रयोग होता है—एक उसके व्यापक अर्थ में और दूसरा संकुचित अर्थ में। प्राचीन ग्रन्थकारों ने नाद को व्यापक अर्थ में ही समझाया है। आजकल नाद से जो अर्थ लिया जाता है, वह उसका संकुचित रूप है। नाद के व्यापक रूप में सभी प्रकार की ध्वनि आ जाती है चाहे वे संगीतोपयोगी हों या न हों, रंजक हों या कर्णकटु

हों। प्राचीनों ने नाद के दो भेद किए—आहत और अनाहत। किसी भी प्रकार के आघात या घर्षण से जो ध्वनि उत्पन्न होती है वह "आहत नाद" होता है। इसमें मनुष्य, पशु-पक्षी—वाद्य की आवाज़, वर्तन की झनझनाहट, खटपट, झरने की कलकल ध्वनि आदि इस जगत् में सुनाई देने वाली प्रत्येक ध्वनि आ जाती है। अनाहत नाद स्थूल या भौतिक नहीं है, इसलिए उसे मनुष्य की इन्द्रियों द्वारा ग्रहण नहीं किया जा सकता, वह योगी जनों को समाधि में ही सुनाई देता है। यह नाद इन्द्रियातीत है यानी उस अवस्था में यह सुनाई देता है जब इन्द्रियों का बन्धन छूट जाता है।

आहत और अनाहत नाद को ऊपर हमने जिस तरह समझ लिया उससे यह स्पष्ट है कि संगीत में आहत नाद का ही उपयोग होता है। आज के प्रचार में नाद शब्द का संकुचित अर्थ में प्रयोग होता है। ध्वनि दो प्रकार की मानी जाती है—एक वह जो संगीतोपयोगी हो और दूसरी वह जो संगीत के लिए उपयोगी न हो। इनमें से पहली को हम नाद और दूसरी को रव की संज्ञा देते हैं। नाद के अन्तर्गत गाने या वाद्य की ध्वनि आ जाती हैं और रव में अन्य सभी ध्वनियाँ जैसे शोरगुल, खट-खट, पट-पट आदि रहती हैं। नाद और रव दोनों ही आहत नाद के अन्तर्गत आ जाते हैं।

अब प्रश्न यह होता है कि हरेक ध्वनि मधुर क्यों नहीं होती? क्यों कोई मधुर होती है और कोई नहीं, इसे भी अच्छी तरह समझ लें। जिस ध्वनि में नियमितता, स्थिरता और अनुरणन या झंकार होती है, वही ध्वनि संगीतोपयोगी हो सकती है। नियमितता को जरा समझ लें।

किसी भी ध्वनि के उत्पन्न होने समय उत्पन्न करने वाले द्रव्य और वायुमण्डल दोनों में कम्पन या आन्दोलन होते हैं। कम्पन का विषय संगीताञ्जलि के चौथे भाग में विस्तार से दिया गया है। यहाँ इतना ही समझ लेना काफ़ी होगा कि जब कम्पन प्रति सेकण्ड में नियमित गति से होते हैं तब वह ध्वनि संगीतोपयोगी होती है, अन्यथा नहीं। ध्वनि की स्थिरता का भी यही रहस्य है। नियमितता के साथ-साथ अनुरणन भी आवश्यक होता है क्योंकि मधुरता उसी से आती है। उदाहरण के लिए भोंपे की आवाज़ में काफ़ी देर तक नियमितता तो रहती है, लेकिन वह ध्वनि मधुर नहीं लगती कारण उसमें अनुरणन नहीं होता।

नियमितता का एक और उदाहरण देख लें। बातचीत करते समय हमारी आवाज़ अनियमित गति से ऊपर नीचे होती रहती है इसलिये हम उसे संगीत नहीं कहते लेकिन 'सा' लगाते ही आवाज़ में एक प्रकार की स्थिरता आ जाती है और साथ-साथ मधुरता भी रहती है इसीलिये वह संगीतोपयोगी आवाज़ कहलाती है। अनुरणन के लिये घंटे का उदाहरण प्रसिद्ध है। घंटे पर टकोर लगाते ही उसमें से अनुरणन वाली ध्वनि निकलती है जो काफ़ी देर तक सुनाई देती है। कर्णकटु झनझनाहट की अपेक्षा इस अनुरणन को मधुरता सभी लोग जानते हैं। उसी प्रकार वीणा के तार पर आघात करने से भी झंकार निकलती है जो कर्णमधुर होती है। उसी प्रकार गज़वाले वाद्यों से कुछ अधिक देर तक सुनाई देने वाली अनुरणनयुक्त ध्वनि निकलती है।

नाद के तीन गुण

संगीतोपयोगी ध्वनि को एक दूसरी से अलग कैसे समझा और पहचाना जाता है यही स्पष्ट करने के लिये नाद के नीचे लिखे तीन गुण माने गये हैं:—

१. तारता या ऊँचा-नीचापन (Pitch)

२. तीव्रता या छोटा-बड़ापन (Amplitude)

३. विशेष गुण (Quality or timbre)

तारता—एक स्वर से दूसरा स्वर कितना ऊँचा या नीचा है यही बात नाद की तारता द्वारा समझी जाती है। विद्यार्थी इसे बहुत आसानी से समझ जायँगे क्योंकि इसकी शिक्षा आरम्भ से ही दी जाती है। हम जब 'सा रि ग म प ध नि सा' ये स्वर गाते हैं तो जानते हैं कि 'सा' से 'रि' ऊँचा है, 'रि' से 'ग' और इसी क्रम से सभी स्वर ऊँचे चढ़ते जाते हैं। इसी बात को यों भी कह सकते हैं कि 'रि' से 'सा' नीचा है 'ग' से 'रि' 'म' से 'ग' और इसी प्रकार क्रमशः हरेक स्वर अपने से आगे-आगे वाले स्वर से नीचा होता है। स्वरों में यह आपस का ऊँचा नीचापन ही नाद के तारता गुण से प्रकट किया जाता है।

तीव्रता—हम जानते हैं कि कोई आवाज़ अधिक दूर तक सुनाई देती है और कोई कम दूरी तक। स्वर के ऊँचे नीचेपन से इसे पृथक समझना चाहिये। एक ही ऊँचाई का स्वर धीरे से गाने पर कम दूरी तक सुनाई देता है और ज़ोर से गाने पर अधिक दूरी तक। इसे यों भी समझ सकते हैं कि किसी स्वर में मिले हुए तार को यदि धीरे से छेड़ेंगे तो कम दूर तक सुनाई देने वाली ध्वनि निकलेगी और ज़ोर से छेड़ेंगे तो स्वर की ऊँचाई वही रहते हुए भी अधिक दूर तक सुनाई देने वाली ध्वनि निकलती है। इस प्रकार ध्वनि का विस्तार उसके ऊँचे-नीचेपन से काफ़ी हद तक स्वतन्त्र रहता है यानी ऐसी बात नहीं है कि स्वर के ऊँचे नीचेपन के साथ-साथ उसकी तीव्रता भी उतनी ही बढ़ती या घटती रहे।

विशेष गुण—ऊपर बताए हुए दोनों लक्षणों से यह बिल्कुल स्वतन्त्र है। किसी भी ध्वनि के कान में पड़ते ही हम तुरन्त पहचान लेते हैं कि यह ध्वनि किसी मनुष्य के गले से निकली है, पशु पक्षी की है, किसी वाद्य की है अथवा किसी बर्तन की है अथवा और किसी तरह की। इतना ही नहीं हम बिना देखे यह भी बता देते हैं कि यह फलाने आदमी की आवाज़ है। कौए और कोयल का रूप-रंग लगभग एक सा होता है। लेकिन आवाज़ सुनते ही हम फ़ौरन पहचान लेते हैं कि कौन कोयल है और कौन कौआ। इसी प्रकार संगीतोपयोगी ध्वनि में भी मनुष्य-कंठ, इसराज़, सहनाई, तानपूरा, बाँसुरी, तबला आदि में से किसकी आवाज़ है यह हम बिना देखे बता देते हैं। इसके लिए स्वर की तीव्रता या तारता को ध्यान में लेने की ज़रूरत नहीं होती। नाद का यही लक्षण उसका विशेष गुण या जाति कहलाता है। इसी को अंग्रेज़ी में Quality अथवा Timbre कहते हैं।

सप्त स्वर :—प्रमुख संगीतोपयोगी नाद या स्वर सात हैं, जिनके संस्कृत नाम नीचे लिखे हैं। साथ ही इन स्वरों के व्यावहारिक नाम भी दे दिये गए हैं।

संस्कृत नाम :—१. षड्ज, २. ऋषभ, ३. गान्धार, ४. मध्यम, ५. पंचम, ६. धैवत, ७. निषाद।
व्यावहारिक नाम १. सा, २. रि, ३. ग, ४. म, ५. प, ६. ध, ७. नि।

स्वरों का आरोह-अवरोह-क्रम :—स्वरों को गाने या बजाने में दो क्रम रहते हैं, एक चढ़ने का और दूसरा उतरने का। चढ़ने को "आरोह" कहते हैं, जिसमें क्रमशः बढ़ती हुई ऊँचाई वाले स्वर लिए जाते हैं। उतरने को "अवरोह" कहते हैं जिसमें क्रमशः घटती हुई ऊँचाई के स्वर लिए जाते हैं। इस प्रकार सा रि ग म प ध नि, यह आरोह-क्रम है और नि ध प म ग रि सा यह अवरोह-क्रम है।

सप्तक और अष्टक :—'सा रि ग म प ध नि' इन सात स्वरों के समूह को सप्तक कहते हैं। लेकिन गाते या बजाते समय 'सा रि ग म प ध नि' इतना कहने के बाद अगले सप्तक का आरम्भक सा जोड़कर हम प्रयोग करते हैं, और इस प्रकार 'सा रि ग म प ध नि सां' यों आठ स्वरों का समूह ही प्रयोग में लिया जाता है जिसे "अष्टक" कहते हैं।

पूर्वाङ्ग और उत्तराङ्ग :—संगीत में 'सा रि ग' इन तीन स्वरों की आपसी ऊँचाई की जो अवस्था है, करीब-करीब वही अवस्था 'प ध नि' की है। अर्थात् 'सा रि ग' कहने के बाद अगर 'प ध नि' कह कर देखें और 'प' को 'सा' मान कर 'प ध नि' की जगह 'सा रि ग' कहें तो इन तीन स्वरों की आपसी ऊँचाई भी स्थूल रूप से वैसी ही सुनाई देगी जैसी कि शुरू में 'सा रि ग' की सुनाई दी थी। अब 'सा रि ग' के आगे 'म' को जोड़ देने से चार स्वरों का एक एक टुकड़ा बन जाता है और उसी प्रकार 'प ध नि' के आगे 'सां' के जोड़ने से उसी का प्रतिरूप जैसा अन्य टुकड़ा बन जाता है। इस प्रकार स्वर के अष्टक के ये दो समान टुकड़े हुए। इनमें से पहले टुकड़े यानी 'सा रि ग म 'को पूर्वाङ्ग, और 'प ध नि सां' को उत्तराङ्ग कहते हैं।

तीन स्थान या सप्तक—संगीत में मुख्यतया से तीन स्थान या सप्तक माने गए हैं, जिन्हें मन्द्र, मध्य, और तार कहते हैं। इनमें से मध्य सप्तक के आधार पर ही मन्द्र और तार का समझा जाता है। गाने में अपनी आवाज़ के अनुसार हम जहाँ से आरंभ करके आसानी से गा सकते हैं, वहाँ से जो स्वर सप्तक बनता है वह मध्य-सप्तक कहलाता है। उससे नीचे का सप्तक मन्द्र और ऊपर का तार कहलाता है। तार सप्तक की ऊँचाई मन्द्र से दुगुनी और मन्द्र सप्तक की ऊँचाई मध्य से आधी होती है।

शुद्ध-विकृत-स्वर—स्वर दो प्रकार के होते हैं—एक शुद्ध और दूसरे विकृत। जो स्वर प्राकृत हों, सहज हों, शिक्षा मे सुलभ हों, उन्हें शुद्ध कहते हैं। हमारे यहाँ बिलावल अंग और कर्णाटक में शंकराचरण मेल के नाम से जो परिचित हैं, पश्चिम में जिसे (Natural Scale) नेचरल स्केल कहते हैं, वे ही शुद्ध स्वर हैं, और ये स्वर ही हमारे यहाँ सर्वप्रथम सिखाये जाते हैं। यही स्वर जब अपने नियत स्थान से ऊपर उठते हैं या नीचे उतरते हैं तो वे उस बदले हुए रूप में विकृत स्वर कहलाते हैं। शुद्ध स्वर जब अपने नियत स्थान से नीचे उतरते हैं। तब कोमल कहलाते हैं और जब ऊपर चढ़ते है तब तीव्र नाम पाते हैं। 'रि ग ध' और 'नि' ये चार स्वर नीचे उतर कर कोमल बनते हैं, और 'म' अपने स्थान से ऊपर चढ़कर तीव्र 'म' कहलाता है।

सात स्वरों में से 'सा' और 'प' ये दो स्वर कभी भी अपने स्थान से नहीं हटते, इसलिए इन्हें अचल स्वर कहा जाता है। शेष पाँचों स्वर 'रि ग म ध नि' विकृत बनते हैं, इसलिए इन्हें चल स्वर कहते हैं।

स्वर-संवाद—कुछ स्वर जोड़ियाँ ऐसी होती हैं जिनका मेल कानों को मधुर मालूम पड़ता है जब किन्हीं दो स्वरों का एक ही समय पर साथ प्रयोग करने से दोनों का सम्बन्ध प्रिय मालूम दे, मधुर लगे, तो ऐसा कहा जाता है कि दोनों में परस्पर संवाद है। संगीत की प्रचलित भाषा में यों भी कहा जाता है कि अमुक दो स्वर आपस में मिल जाते हैं। यह 'मिल जाना' या स्वरों का आपसी मधुर सम्बन्ध ही "स्वर-संवाद" कहलाता है। संवाद को प्रत्यक्ष देखने सुनने के लिए यों कर सकते हैं कि तानपूरे पर 'सा' और 'प' के तार को एक के बाद एक तुरन्त छेड़ें। इस प्रकार पहले तार की गूँज दूसरे तार के बजने तक बनी रहती है, और दोनों तारों की ध्वनि आपस में कैसी मिलती है यह सुनकर समझा जा सकता

है। हारमोनियम पर 'सा' 'प' के पर्दों पर दो अँगुलियाँ रखकर इन्हीं दो स्वरों की ध्वनि, एक साथ भी सुनी जा सकती है और इनका परस्पर संवाद जाँचा जा सकता है।

संसार भर के संगीत में मुख्य स्वर-संवाद दो ही माने गए हैं—एक 'सा – प' और दूसरा 'सा – म'। यानी ये दो स्वर-जोड़ियाँ मुख्य रूप से संवाद-सम्बन्ध से युक्त हैं। 'सा – प' संवाद ही का दूसरा रूप 'प – सां' बनता है यानी 'प' से तार के 'सा' तक की स्वर-जोड़ी मिलाई जाए तो वह 'प – सां' संवाद कहलाएगा। 'प – सां' संवाद ही 'सा – म' संवाद की भूमिका है। 'सा – म' और 'म – सां' उसी प्रकार दूसरे रूप में 'सा – म' और 'सा – प' संवाद को दिखाते हैं।

वर्ण, अलंकार या पलटा

वर्ण—संगीत में किस प्रकार स्वरों का अलग-अलग ढंग से प्रयोग होता है, यही समझाने के लिए 'वर्ण' शब्द का शास्त्रों में प्रयोग हुआ है। स्वरों के प्रयोग मुख्य रूप से चार प्रकार किए जाते हैं —

१—या तो हम एक ही स्वर को लम्बा करते हैं, जैसे—सा – – –, या एक ही स्वर को बार-बार गाते हैं जैसे—'सा सा सा'। ये दोनों क्रियाएँ स्थायी वर्ण में आती हैं।

२—या हम एक के बाद एक स्वर चढ़ते जाते हैं, जैसे —'सा रि ग म'। इसे आरोही वर्ण कहते हैं।

३—या हम उपर लिखी तीनों क्रियाओं को मिलाकर स्वरों का प्रयोग करते हैं, जैसे—'सारिगम मगरिसा'। इस प्रकार की उलट-पुलट क्रिया को संचारी वर्ण कहते हैं। स्वरों की सब क्रिया इन चारों वर्णों में आ जाती है, क्योंकि गाने बजाने में हम या तो एक स्वर पर ठहरते हैं, या उसका बार बार उच्चार करते हैं, या स्वरों की आरोह गति रखते हैं, या अवरोह गति से चलते हैं, या इन तीनों क्रियाओं को मिलाकर बरतते हैं।

अलंकार या पलटा—ऊपर बताए हुए वर्णों के अनुसार जब किसी निश्चित क्रम को अपना कर कोई स्वर-रचना बनाई जाती है, तब उसे "अलंकार" कहते हैं। इसी को प्रचार में पलटा भी कहते हैं, जैसे—'सा रि ग' यह आरोही वर्ण का एक टुकड़ा है। इसी टुकड़े के क्रम को अपना कर 'सा रि ग', 'रि ग म', 'ग म प', 'म प ध', 'प ध नि' इत्यादि टुकड़ों की जब एक लड़ी-सी बनाई जाती है तब उसे अलंकार कहते हैं। शुरू में स्वर-ज्ञान पक्का कराने के लिए भिन्न-भिन्न अलंकारों का शिक्षण में बहुत महत्त्व रहता है।

राग के मुख्य तत्त्व—अलंकारों के अभ्यास से स्वर का और लय का प्रारम्भिक बोध हो जाने के बाद राग सिखाना शुरू किया जाता है। एकदम शुरू की कक्षा में 'राग' को शास्त्रीय दृष्टि से समझाना सम्भव नहीं है और आवश्यक भी नहीं है; फिर भी केवल परिचय देने की दृष्टि से यहाँ 'राग' के बारे में थोड़ी सी बातें कही जा रही हैं। इस चर्चा में जान बूझकर शास्त्रीय शब्दों का प्रयोग कहीं नहीं किया गया है।

'राग' शब्द का अर्थ है, ऐसा स्वर-समूह जो रंजक हो, यानी सुख या आनन्द देनेवाला हो। इस रंजकता के अलावा 'राग' में और कुछ विशेषताएँ भी होती हैं। लोकगीत या अन्य धुनें भी रंजक तो होती हैं, किन्तु उन्हें हम राग नहीं कहते। इस बात को विस्तार से यहाँ समझाना तो सम्भव नहीं है, इसलिए इतना ही कह कर छोड़ देते हैं कि राग एक शास्त्रीय रचना है जिसमें रंजकता के साथ-साथ नियमों का बन्धन भी रहता है। ये नियम किस प्रकार के होते हैं, यही अन्त में यहाँ समझ लेना काफ़ी होगा।

१—आरोह-अवरोह—यानी कितने और कौन से स्वर राग में लगते हैं, और उनमें से कितने शुद्ध हैं, कितने विकृत—ये सभी बातें हमें राग के आरोह-अवरोह से मालूम हो जाती हैं। उदाहरण के लिए भूपाली का आरोह-अवरोह लें जो यों है—'सा रि ग प ध सां', 'सां ध प ग रि सा'—इससे यह पता चलता है कि 'म नि' को छोड़ दिया गया है और बाकी सब स्वर शुद्ध लिए गए हैं।

२—राग में कोई एक या दो स्वर ऐसे होते हैं, जिन पर सारा दारोमदार रहता है। इनके लगाने से ही राग का रूप बनता है और न लगाने से राग बिगड़ जाता है। ऐसा स्वर राग का प्राण होता है। अभी इसे मुख्य स्वर के रूप में ही विद्यार्थी समझ लें। उदाहरण के लिए 'सारंग' का आरोहावरोह इस प्रकार है—'सारिमपनिसां', 'सांनिपमरिसा'। इसी स्वरावलि के अवरोह में 'ग-ध' लगाकर 'देश' की रचना हुई है। यदि 'देश' में 'ग-ध' को छोड़ दें तो 'सारंग' का ही, पूरा रूप दिखाई देगा। इसलिए 'ग - ध' को देश का प्राण-स्वर या मुख्य स्वर मानना चाहिए। ये दो स्वर केवल अवरोह में अल्प मात्रा में प्रयोग में आने पर भी राग के मुख्य स्वर इसलिए हैं कि इनके बिना उसका रूप नहीं बनता।

३—राग में कोई एक या दो स्वर ऐसे होते हैं जिन पर बार-बार ठहराव किया जाता है। इस ठहराव का भी राग में काफ़ी महत्त्व होता है, क्योंकि इस नियम को समझे बिना राग का रूप संभालते हुए गाना बजाना संभव नहीं है। उदाहरण के लिए 'देश' में बार-बार 'रि' या 'प' पर ठहराव किया जाता है। जैसे 'रिम – गरि', 'रिमप – मगरि', या 'रिमपनि॒ध – प' 'ध – म ग रि' इत्यादि। अब इस नियम को समझे बिना यदि 'ग' पर ठहराव करने लगें तो 'देश' से बिल्कुल भिन्न रूप ही खड़ा होगा। यथा—'रिमग', रिमप – मग', इत्यादि।

४—किसी-किसी राग का उठाव या आरंभ भी किसी ख़ास स्वर से करने का नियम होता है। यों तो सभी रागों में सब से पहले 'सा' ही लगाया जाता है; लेकिन किसी-किसी राग में आलाप – तान का उठाव 'सा' से न हो कर किसी अन्य स्वर से होता है। जैसे सारंग और तिलंग में अधिकांश आलाप तान क्रमशः 'रि' और 'ग' से शुरू होते हैं। यथा 'रिमपनि॒ – पमरि – नि॒ सा', 'गमपनि॒ – प गमग – सा'।

५—प्रत्येक राग में कोई खास टुकड़ा या स्वरसमूह ऐसा होता है जिसे सुनते ही हम फ़ौरन पहचान लेते हैं कि यह फ़लाँ राग है। ख़ास टुकड़े को राग का मुख्य अङ्ग या पकड़ कहते हैं। उदाहरण के लिए 'नि॒ – पगमग'
प
से तिलंग 'सा रि ग – रिग' से भूपाली, 'रिमप ग॒ – रि' से काफ़ी—इस प्रकार मुख्य अंग से रागों की पहचान होती है।

राग-जाति—राग में लगनेवाले स्वरों की संख्या के अनुसार राग की 'जाति' कही जाती है। प्रायः यह नियम बरता जाता है कि राग में कम से कम पाँच स्वरों का तो प्रयोग होना ही चाहिए। इसलिए ५, ६ और ७ स्वरों वाले रागों के लिए मुख्य तीन जातियाँ मानी गई हैं :—

१. संपूर्ण :—जिसमें सात स्वरों का प्रयोग हो।
२. षाडव :— „ छः „ „ ।
३. औडव :— „ पाँच „ „ ।

रागों के आरोह और अवरोह में लगने वाले स्वरों की संख्या कभी एक-सी होती है और कभी भिन्न भी होती है। इसलिए आरोह-अवरोह में लगने वाले स्वरों की संख्या के अनुसार ऊपर लिखी तीनों जातियों को आपस में एक दूसरे से मिलाकर नौ जातियाँ बनाई गई हैं। यथा :—

१. संपूर्ण-संपूर्ण :—आरोह में सात—अवरोह में सात स्वर।
२. संपूर्ण-षाडव :— ,, सात— ,, छः ,, ।
३. संपूर्ण-औडव :— ,, सात— ,, पाँच ,, ।
४. षाडव-संपूर्ण :— ,, छः— ,, सात ,, ।
५. षाडव-षाडव :— ,, छः— ,, छः ,, ।
६. षाडव-औडव :— ,, छः— ,, पाँच ,, ।
७. औडव-संपूर्ण :— ,, पाँच— ,, सात ,, ।
८. औडव-षाडव :— ,, पाँच— ,, छः ,, ।
९. औडव-औडव :— ,, पाँच— ,, पाँच ,, ।

आलाप-तान :—राग के नियमों के अनुसार राग के रूप का जो विस्तार किया जाता है, वह आलाप कहलाता है। इससे राग का स्वरूप स्पष्ट होता है। जब किसी गीत के साथ आलाप लिए जाते हैं तब वे ताल में बँधे रहते हैं और जब गीत तथा ताल के बिना राग का विस्तार किया जाता है, तब आलाप को मुक्त कहा जाता है। इस पुस्तक में मुक्त और तालबद्ध दोनों प्रकार के आलाप दिए गए हैं। मुक्त आलाप के द्वारा राग का रूप समझ लेने के बाद ही तालबद्ध आलापों को गाने बजाने में सुविधा होती है। तालबद्ध आलाप में ताल का बन्धन होने पर भी ऐसा नहीं होता कि सभी स्वर एक-सी गति में लिए जाएँ, बल्कि किसी स्वर को तेजी से और किसी को लंबा करके लिया जाता है।

तान में स्वरों का निश्चित क्रम और नियत गति रहती है और यही बात इसे आलाप से पृथक् करती है। ध्यान रहे कि तान में स्वरों की गति द्रुत रहती है। विभिन्न अलंकारों या पल्टों को राग के नियमों के अनुसार प्रयोग में लाने से तानें बनती हैं। गीत के साथ तालबद्ध तानों का उपयोग होता है एवं गीत या ताल के सहारे के बिना मुक्त तानें भी ली जा सकती हैं। अभ्यास के लिए मुक्त तानों का विशेष महत्व है। अतः पुस्तक में दी हुई प्रत्येक राग की मुक्त तानों का विद्यार्थियों को अवश्य अभ्यास कराया जाए। आगे चलकर राग में स्वतन्त्र रूप से विस्तार करने के लिए मुक्त आलाप-तान ही नींव का काम देंगे।

शब्दालाप :—जब आलापों में 'आकार' के स्थान पर जब गीत के शब्दों का प्रयोग किया जाता है, तब शब्दालाप बनता है। प्रस्तुत पुस्तक में 'दुर्गा', 'सारंग', 'काफ़ी' में शब्दालाप दिए गए हैं।

बोलतानें :—आलाप की ही तरह तालबद्ध तानों में जब 'आकार' के बजाय गीत के शब्दों का प्रयोग हो तो वे बोलतानें कहाती हैं। काफ़ी राग में दो बोलतानें दी गई हैं। उन्हें नमूने के तौर पर विद्यार्थी देख लें। बोलतानों के स्वतन्त्र विकास के लिए स्वर, लय और राग के नियम—इन तीनों पर अधिकार होना चाहिए। भावी विकास की दिशा दिखाने के लिए प्रथम तथा द्वितीय वर्ष के पाठ्यक्रम में कुछ सरल बोलतानें दी गई हैं।

बन्दिश :—किसी शब्द-रचना को अथवा किसी वाद्य के वर्णों की रचना को जब राग के नियमों के अनुसार स्वर-ताल में बाँधा जाता है, तब वह रचना 'बन्दिश' कहलाती है।

स्थायी :—किसी गीत या गत के पूर्वार्ध या पहले भाग को स्थायी कहते हैं।

अन्तरा :—गीत या गत के उत्तरार्द्ध या दूसरे भाग को अन्तरा कहते हैं।

प्रायः राग के पूर्वाङ्ग में स्थायी और उत्तरांग में अन्तरा बाँधा जाता है।

लय सम्बन्धी विषय

लय :—नियत गति को संगीत में लय कहते हैं। नियत गति पर ही ब्रह्माण्ड का अस्तित्व टिका हुआ है। सूर्य, चन्द्र, ग्रह, नक्षत्र सब नियमित गति से चलते हैं। यदि इनकी लय टूट जाए तो ब्रह्माण्ड का भी नाश हो जाए। संगीत की स्वर-सृष्टि में भी लय का अखण्ड महत्त्व है। घड़ी की 'टिक्‌टिक' से विद्यार्थी नियमित गति को समझ सकते हैं। तद्वत् हम जानते हैं कि हमारे भारत के वैद्य नाड़ी की गति को देख कर ही स्वास्थ्य-परीक्षा करते हैं। संगीत में लय तीन प्रकार की कही गई है है। यथा :—

१. विलम्बित :—बहुत धीमी गति।

२. मध्य :—बीच की गति जो न बहुत धीमी और न ही बहुत तेज़ हो।

३. द्रुत :—तेज़ गति।

बराबर की लय और दुगुन आदि—गाते या बजाते समय जो लय स्थिर की जाती है, उसे बराबर की लय कहते हैं। इसी लय की दुगुनी गति में गाने या बजाने से दुगुन होती है। यानी जितना समय 'एक' कहने में लगता है उतने ही समय में 'दो' कहे जाएँ तो दुगुन होती है इसी तरह चौगुनी गति करने से चौगुन होती है। इसी प्रकार तिगुनी, छहगुनी, अठगुनी आदि लय का भी प्रयोग किया जाता है, किन्तु उस सबकी प्रारंभिक विद्यार्थियों को आवश्यकता नहीं है। इतना अवश्य समझ लेना चाहिए कि दुगुन, चौगुन आदि का प्रयोग बराबर की लय के आधार पर ही किया जाता है इसलिए दुगुन, चौगुन आदि को समाप्त करते ही फिर से बराबर की लय दिखाई जाती है। दुगुन चौगुन को नीचे लिखे अंकों से पुनः समझ लें :—

बराबर की लय	१	१	१	१	१	१
दुगुन, चौगुन	१ २	१ २	१ २	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४	१ २ ३ ४

मात्रा—लय की नियमित गति को नापने की सबसे छोटी इकाई या Unit है मात्रा। स्थूल मान से मात्रा का परिमाण एक सैकण्ड माना जाता है। स्थूल रूप से एक सैकण्ड के नाप से यदि एक एक मात्रा के ठोके दें तो मध्य-लय कहलाएगी। एक से अधिक सैकण्ड का काल यदि एक-एक मात्रा को दिया जायगा तो लय विलम्बित होगी और एक से कम सैकण्ड का काल देकर जब मात्रा के ठोके लगाए जाएँगे, तब द्रुत लय होगी। इस प्रकार मात्रा और लय आपस में जुड़े हुए हैं और मात्रा का काल लय के अनुसार ही निश्चित होता है। यदि लय ठीक न रहे तो मात्रा छोटी बड़ी हो जाती है, या यों भी कह सकते हैं कि मात्रा छोटी बड़ी हो जाए तो लय बिगड़ जाती है।

ताल—संगीत में काल को नापने का साधन ताल कहलाता है। जिस प्रकार काव्य को व्यवस्थित बनाने के लिए ताल होता है उसी प्रकार संगीत में काल की दृष्टि से नियमितता लाने के लिए ताल होता है। ताल की लंबाई समझने-समझाने के लिए मात्रा का उपयोग किया जाता है जैसे त्रिताल की १६ मात्रा, चौताल की १२, झपताल की १० और दादरा की ६ मात्रा मानी गई हैं।

आवर्त्तन—किसी ताल के एक चक्र को 'आवर्तन' कहते हैं अर्थात् जब एक बार पूरा ताल बोल लेते हैं तो वह ताल का एक आवर्तन कहलाता है। काल की चक्रिक गति को घड़ी से समझ सकते हैं। उसी प्रकार ताल भी चक्रिक गति से चलता है। इसीलिए ताल का स्वरूप 'आवर्तन' द्वारा समझा-समझाया जाता है।

ठेका—गाते बजाते समय गायक वादक ताल की गति, आवर्तन और विभाग को समझ सकें, इसके लिए ताल वाद्य पर जो निश्चित प्रकार के बोल बजाएँ जाते हैं, इन बोलों की बन्दिश को ठेका कहते हैं। भारतीय तालवाद्यों की यह विशेषता है कि उन में से वर्णात्मक ध्वनि निकलती है—जैसे, क, त, ध, ग, न इत्यादि। इन्हीं अक्षरों को एक विशेष ढंग से व्यवस्थित करके जब किसी ताल के एक आवर्तन में बोला या बजाया जाता है, तो वह ठेका कहलाता है।

विभाग—ताल की मात्राओं को जिन अलग-अलग खंडों या हिस्सों में विभाजित किया जाता है, वह प्रत्येक खंड या हिस्सा विभाग कहलाता है जैसे झपताल में २-३, २-३ इस क्रम से मात्रा-विभाग होते हैं, त्रिताल में चार-चार मात्राओं के विभाग होते हैं, उसी प्रकार अन्य तालों में भी भिन्न-भिन्न मात्रा-विभाग रहते हैं। ताल का 'वज़न' इन विभागों के अनुसार रहता है।

सम—ताल के आवर्तन का जहाँ से आरंभ होता है, उसे सम कहते हैं। दूसरे शब्दों में ताल की पहली मात्रा को सम कह सकते हैं। गीत या गत में इस स्थान को विशेष ज़ोर दे कर दिखाया जाता है। हाथ पर ताल दे कर भी इसे दिखाया जाता है।

ताली—ताल के अलग-अलग विभागों के शुरू में सम के अतिरिक्त जिन मात्राओं पर हाथ से ताल देते हैं, उस को ताली कहते हैं। जैसे त्रिताल में सम के अलावा पाँचवीं और तेरहवीं मात्रा पर ताली होती है।

खाली—ताल के जिस विभाग को ताली दिए बिना पृथक् दिखाया जाता है, उसे खाली कहते हैं, किसी किसी ताल में एक से अधिक स्थान पर भी खाली होता है। जैसे चौताल और एकताल में ३ और ७ मात्रा पर खाली है।

———

तालबद्ध अलंकार

अलंकार १

मात्रा विभाग :-१६ त्रिताल ताल विभाग १, ५, ९, १३.

लघु, मात्रा १

सा	रि	ग	म	प	ध	नि	सां	सां	नि	ध	प	म	ग	रि	सा
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×				५				०				१३			

मात्रा विभाग १६. त्रिताल ताल विभाग १, ५, ९ १३.

गुरु, मात्रा २

सा	–	रि	–	ग	–	म	–	प	–	ध	–	नि	–	सां	–
आ	–	•	–	•	–	•	–	•	–	•	–	•	–	•	–
×				५				०				१३			
सां	–	नि	–	ध	–	प	–	म	–	ग	–	रि	–	सा	–
आ	–	•	–	•	–	•	–	•	–	•	–	•	–	•	–
×				५				०				१३			

मात्रा विभाग १६. त्रिताल ताल विभाग १, ५, ९, १३.

द्रुत, मात्रा ½

सारि	गम	पध	निसां	सांनि	धप	मग	रिसा	सारि	गम	पध	निसां	सांनि	धप	मग	रिसा
आ•	••	••	••	••	••	••	••	••	••	••	••	••	••	••	••
×				५				०				१३			

मात्रा विभाग १६. त्रिताल ताल विभाग १, ५, ९, १३.

अणुद्रुत, मात्रा ¼

सा रि ग म	प ध नि सां	सां नि ध प	म ग रि सा	सा रि ग म	प ध नि सां	सां नि ध प	म ग रि सा
आ • • •	• • • •	• • • •	• • • •	• • • •	• • • •	• • • •	• • • •
×				५			
सा रि ग म	प ध नि सां	सां नि ध प	म ग रि सा	सा रि ग म	प ध नि सां	सां नि ध प	म ग रि सा
• • • •	• • • •	• • • •	• • • •	• • • •	• • • •	• • • •	• • • •
०				१३			

अलंकार २

मात्रा विभाग १६ — त्रिताल — ताल विभाग १, ५, ६, १३

लघु गुरु मिश्र

सा	रि	ग	–	रि	ग	म	–	ग	म	प	–	म	प	ध	–
आ	•	•	–	•	•	•	–	•	•	•	–	•	•	•	–
×				५				०				१३			

प	ध	नि	–	ध	नि	सां	–	सां	नि	ध	–	नि	ध	प	–
आ	•	•	–	•	•	•	–	•	•	•	–	•	•	•	–
×				५				०				१३			

ध	प	म	–	प	म	ग	–	म	ग	रि	–	ग	रि	सा	–
आ	•	•	–	•	•	•	–	•	•	•	–	•	•	•	–
×				५				०				१३			

लघु गुरु मिश्र

द्वितीय प्रकार

मात्रा विभाग १६ — त्रिताल — ताल विभाग १, ५, ६, १३

सा	रि	–	ग	रि	ग	–	म	ग	म	–	प	म	प	–	ध
आ	•	–	०	•	•	–	•	•	•	–	•	•	•	–	•
×				५				०				१३			

प	ध	–	नि	ध	नि	–	सां	सां	नि	–	ध	नि	ध	–	प
आ	•	–	•	•	•	–	•	•	•	–	•	•	•	–	•
×				५				०				१३			

ध	प	–	म	प	म	–	ग	म	ग	–	रि	ग	रि	–	सा
आ	•	–	•	•	•	–	•	•	•	–	•	•	•	–	•
×				५				०				१३			

लघु गुरु मिश्र

तृतीय प्रकार

मात्रा विभाग १६. त्रिताल ताल विभाग १, ५, ६, १३.

सा	–	रि	ग	रि	–	ग	म	ग	–	म	प	म	–	प	ध
आ	–	•	•	•	–	•	•	•	–	•	•	•	–	•	•
×				५				०				१३			
प	–	ध	नि	ध	–	नि	सां	सां	–	नि	ध	नि	–	ध	प
आ	–	•	•	•	–	•	•	•	–	•	•	•	–	•	•
×				५				०				१३			
ध	–	प	म	प	–	म	ग	म	–	ग	रि	ग	–	रि	सा
आ	–	•	•	•	–	•	•	•	–	•	•	•	–	•	•
×				५				०				१३			

अलंकार ३

मात्रा विभाग १०. झपताल ताल विभाग १, ३, ६, ८.

सा	रि	सा	रि	ग	रि	ग	रि	ग	म
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		३			०		८		
ग	म	ग	म	प	म	प	म	प	ध
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		३			०		८		
प	ध	प	ध	नि	ध	नि	ध	नि	सां
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		३			०		८		
सां	नि	सां	नि	ध	नि	ध	नि	ध	प
•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		३			०		८		
ध	प	ध	प	म	प	म	प	म	ग
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		३			०		८		
म	ग	म	ग	रि	ग	रि	ग	रि	सा
•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		३			०		८		

अलंकार ४

मात्रा विभाग १०　　　　झपताल　　　　ताल विभाग १, ३, ६, ८

रि	सा	ग	रि	सा	ग	रि	म	ग	रि
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		३			०		८		

म	ग	प	म	ग	प	म	ध	प	म
•	०	•	•	•	•	•	•	•	•
×		३			०		८		

ध	प	नि	ध	प	नि	ध	सां	नि	ध
•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		३			०		८		

नि	ध	सां	नि	ध	ध	प	नि	ध	प
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		३			०		८		

प	म	ध	प	म	म	ग	प	म	ग
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		३			०			८	

ग	रि	म	ग	रि	रि	सा	ग	रि	सा
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		३			०			८	

अलंकार ५

मात्रा विभाग १०　　　　झपताल　　　　ताल विभाग १, ३, ६, ८,

सा	रि	रि	ग	सा	रि	ग	ग	म	रि
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		३			०		८		

ग	म	म	प	ग	म	प	प	ध	म
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		३			०		८		

प	ध	ध	नि	प	ध	नि	नि	सां	ध
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		३			०		८		

ध	नि	नि	सां	ध	प	ध	ध	नि	प
•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		३			०		८		

म	प	प	ध	म	ग	म	म	प	ग
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		३			०		८		

रि	ग	ग	म	रि	सा	रि		ग	सा
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		३			०		८		

———

अलंकार ६

मात्रा विभाग ११ एकताल अथवा चौताल ताल विभाग १, ३, ५. ७, ६, ११

सा	ग	रि	सा	रि	म	ग	रि	ग	प	म	ग
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
१		०		५		०		९		११	

म	ध	प	म	प	नि	ध	प	ध	सां	नि	ध
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
१		०		५		०		९		११	

ध	नि	सां	ध	प	ध	नि	प	म	प	ध	म
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
१		०		५		०		९		११	

ग	म	प	ग	रि	ग	म	रि	सा	रि	ग	सा
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
१		०		५		०		९		११	

अलंकार ६

मात्रा विभाग १२ एकताल ताल विभाग १, ३, ५, ७, ९, ११

द्विगुण

साग	रिसा	रिम	गरि	गप	मग	मध	पम	पनि	धप	धसां	निध
आ •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •
१		०		५		०		६		११	

धनि	सांध	पध	निप	मप	धम	गम	पग	रिग	मरि	सारि	गसा
आ •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •
१		०		५		०		९		११	

अलंकार

मात्रा विभाग १२ | एकताल | ताल विभाग १, ३, ५, ७, ९, ११.

द्विगुण, द्विस्वर.

सासा	गग	रिरि	सासा	रिरि	मम	गग	रिरि	गग	पप	मम	गग
आ •	••	••	••	••	••	••	••	••	••	••	••
×		०		५		०		९		११	

मम	धध	पप	मम	पप	निनि	धध	पप	धध	सांसां	निनि	धध
••	••	••	••	••	••	••	••	••	••	••	••
×		०		५		०		९		११	

धध	निनि	सांसां	धध	पप	धध	निनि	पप	मम	पप	धध	मम
••	••	••	••	••	••	••	••	••	••	••	••
×		०				०		९		११	

गग	मम	पप	गग	रिरि	गग	मम	रिरि	सासा	रिरि	गग	सासा
••	••	••	••	••	••	••	••	••	••	••	••
×		०		५		०		९		११	

अलंकार ७

मात्रा विभाग १२ | एकताल | ताल विभाग १, ३, ५, ७, ९, ११.

सा	ग	रि	म	ग	प	म	ध	प	नि	ध	सां
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		०		५		०		६		११	

सां	ध	नि	प	ध	म	प	ग	म	रि	ग	सा
आ	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•	•
×		०		५		०		९		११	

अलंकार ७

मात्रा विभाग १२ | एकताल | ताल विभाग १, ३, ५, ७, ९, ११

द्विस्वर

सासा	गग	रिरि	मम	गग	पप	मम	धध	पप	निनि	धध	सांसां
आ •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •
×		०		५		०		९		११	

सांसां	धध	निनि	पप	धध	मम	पप	गग	मम	रिरि	गग	सासा
आ •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •	• •
×		०		५		०		९		११	

प्रस्तार अलंकार

सा

सा रि रि सा

सा रि ग ग रि सा

सा रि ग म म ग रि सा

सा रि ग म प प म ग रि सा

सा रि ग म प ध ध प म ग रि सा

सा रि ग म प ध नि नि ध प म ग रि सा

सा रि ग म प ध नि सां सां नि ध प म ग रि सा

सा रि ग म प ध नि सां रिं रिं सां नि ध प म ग रि सा

सा रि ग म प ध नि सां रिं गं गं रिं सां नि ध प म ग रि सा

लयबद्ध सविस्तर प्रस्तार अलंकार

सारि | गग | रिसा | गग | रिसा | सारि | गग | रिसा

सारि | गम | मग | रिसा | मग | रिसा | सारि | गम | मग | रिसा

सारि | गम | पप | मग | रिसा | पप | मग | रिसा | पप | मग | रिसा

सारि | गम | पध | धप | मग | रिसा | पध | धप | मग | रिसा

सारि | गम | पध | निनि | धप | मग | रिसा | पध | निनि | धप | मग | रिसा

सारि | गम | पध | निसां | सांनि | धप | मग | रिसा | सांनि | धप | मग | रिसा

सारि | गम | पध | निसां | रिं रिं | सांनि | धप | मग | रिसा | रिं रिं | सांनि | धप | मग | रिसा

सारि | गम | पध | निसां | रिंगं | गंरिं | सांनि | धप | मग | रिसा | रिंगं | गंरिं | सांनि | धप | मग | रिसा

सारि | गम | पध | निसां | सांरिं | गंमं | मंगं | रिंसां | सांनि | धप | मग | रिसा

सारि | गम | पध | निसां | रिंगं | मंपं | मंगं | रिंसां | सांनि | धप | मग | रिसा

———

रिग-रि, सारि, साधु-सा. सारिगपधसां-सांसां, सां, सांरिं, सांरिं सांसां-ध (धसां), पधसां-सांसां, सांध, प, पध, धपप-ग, रिगपध, पधपप-ग, गरिप-ग, रिग, सरि-सा.

मुक्त तानें—

